एग्रो स्टार्टअप्स को अनुदान दिलाने में मदद करेगा नाबी, आवेदन मांगे

जयपुर। नियाम एग्री बिजनेस इन्क्यूबेटर (नाबी) एग्री स्टार्टअप्स को 25 लाख रुपए तक का अनुदान दिलाने की तैयारी कर रहा है। गौरतलब है कि नाबी कृषि क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। नाबी दो कार्यक्रम 'एग्री प्रेन्योरशिप ओरिएंटेशन प्रोग्राम' और 'स्टार्टअप एग्री बिजनेस इन्क्यूबेशन प्रोग्राम' चलाता है। पिछले सत्र में नाबी ने 60 स्टार्टअप्स को प्रशिक्षण दिया, जिसमे से 54 स्टार्टअप को फंडिंग के लिए चुना गया था। 54 में से 39 स्टार्टअप को मंत्रालय से 5 करोड़ की अनुदान सहायता मिल चुकी है। कृषि से संबंधित किसी भी सेक्टर में यदि आपके पास कोई इनोवेटिव आईडिया है तो उस आईडिया से संबंधित प्रस्ताव राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान की वेबसाइट www.ccsniam.gov.in पर अप्लाई कर सकते है। सबसे बेहतर और इनोवेटिव आईडिया को 2 माह की आवासीय ट्रेनिंग और 25 लाख तक की अनुदान सहायता के लिए चुना जाएगा।